भारत सरकार
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
केंद्रीय संचार ब्यूरो
सूचना भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 27.10.2026

फ़ाइल संख्या: एवी/रेडियो/2025-26/विविध-भाग (1)

परामर्शिका

विषय: निजी एफएम स्टेशनों द्वारा ईआरपी के वेंडर लॉगिन पोर्टल के माध्यम से जीओपीए, पैनल में शामिल होने संबंधी पत्र और बैंक मैंडेट फ़ॉर्म जमा करने के संबंध में।

सीबीसी अपने ईआरपी सिस्टम में सभी सूचीबद्ध निजी एफएम स्टेशनों के रिकॉर्डों का अद्यतन कर रहा है। इस संबंध में, सभी सूचीबद्ध निजी एफएम स्टेशनों को सीबीसी ईआरपी के वेंडर लॉगिन पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित दस्तावेज जमा किए जाने अपेक्षित है:

(i) अनुमति प्रदान करने संबंधी करार (जीओपीए)
(ii) सीबीसी द्वारा जारी पैनल में शामिल होने संबंधी पत्र
(iii) बैंक मैंडेट फॉर्म
(iv) स्वामित्व संबंधी विवरण (नवीनतम)

2. दिनांक 28.10.2026 से दिनांक 06.11.2026 (10 दिन) की अवधि के दौरान मौजूदा विक्रेता लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके उक्त दस्तावेज़ अपलोड किए जा सकते हैं।
3. इस प्रस्तुति के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
4. सभी सूचीबद्ध निजी एफएम स्टेशनों को निर्धारित समय के भीतर आवेदन जमा करना होगा।
5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(श्री साई वेम्पति)
उप निदेशक (एवी)
केंद्रीय संचार ब्यूरो

प्रतिलिपि :-
1. वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक (बेसिल)।